भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

कल्याणमयी द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण आफिसर्स इन्स्टीट्यूट <u>(एएआईओआई) में ''प्रेरणा'' आर्ट कैम्प का आयोजन</u>

नई दिल्ली 25 अप्रैल, 2017 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संगठन-कल्याणमयी द्वारा दिनांक 28-04-2017 से 30-04-2017 तक भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण आफिसर्स इन्स्टीट्यूट (एएआईओआई) में ''प्रेरणा'' आर्ट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है । इससे शौकिया कलाकारों को प्रोत्साहन और उन्हें अपना हुनर दिखाने हेतु मंच प्राप्त होगा । यह आर्ट कैम्प एएआईएएफ (एएआई आर्टिस्ट फोरम) और एफआईपीए (फोरम ऑफ इंडिया फोटोग्राफर्स एण्ड आर्टिस्ट) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है जिसमें भा वि प्रा परिवार से और बाहर से 20 कलाकारों को शामिल किया जाएगा । प्रतिभागी कलाकार तीन दिनों तक प्रात: 11:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक पेंटिंग करेंगे तथा पूरी की गई पेंटिग को निर्धारित समय में जमा कराएंगे ।

आयोजन का विषय भारत में विभिन्न श्रतुएं हैं -भारत की श्रतुएं, श्रतुरंग-श्रतुराग । कल्याणमयी द्वारा कैनवास, चित्रफलक तथा चटाई उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक कलाकार को उनके द्वारा बनाई गई अपनी पेंटिंग पर मालिकाना हक होगा, जिसे कल्याणमयी द्वारा बाद में प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,

सं. 04/2017-18